GISSS PT1 2023

आवधिक परीक्षा (अप्रैल, 2023)

कक्षा- पाँचवीं विषय-हिंदी

समय :-60 मिनट **पूर्णांक:-20**

सामान्य निर्देश:-

1. प्रश्न पत्र ध्यान से पढ़ें तथा उत्तर सुंदर लेख में लिखें।

2. प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें।

3. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

भाग-क अपठित गद्यांश (4 अंक)

प्रश्न-1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें:

(अंक-1 x 4=4)

एक दिन तेनालीराम ने देखा कि उसके घर के आस-पास कुछ चोर घूम रहे हैं। वह उनका इरादा समझ गया। उसने चारों को सुनाते हुए अपनी पत्नी से कहा, “देखो, आजकल चोरों का बड़ा ज़ोर है। अपने पास रुपया-पैसा और जो कीमती सामान हैं उसे एक बड़े संदूक में भर दो। मैं उसे बाग के कुएँ में छिपा दूँगा।” चोरों ने यह सुना तो बड़े प्रसन्न हुए। तेनालीराम ने एक संदूक लेकर उसमें ईंट-पत्थर भरे और उसने घर से लगे बगीचे में बने कुएँ में वह संदूक डाल दिया। रात होने पर चोर कुएँ पर आए, लेकिन किसी की भी कुएँ में घुसने की हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने एक उपाय सोचा। वे तीन बाल्टियाँ ले आए और कुएँ से पानी निकालने लगे। रात-भर वे पानी निकालते रहे। सवेरा होने पर पकड़े जाने के डर से चोर वहाँ

से भागने लगे। तभी तेनालीराम वहाँ आ पहुँचा और चोरों से बोला, “भैया, मेरा धन्यवाद तो लेते जाओ, तुम लोगों ने रात-भर मेरे बगीचे में पानी दिया है।”

i) तेनालीराम के घर के आस-पास कौन घूम रहे थे?

ii) तेनालीराम ने संदूक में क्या भरा?

iii) तेनालीराम ने रुपए-पैसे और कीमती सामान कहाँ रखा?

iv) संदूक निकालने के लिए चोरों ने क्या किया?

भाग - ख (व्याकरण)

प्रश्न-2 निम्नलिखित विशेषण शब्द के लिए उपयुक्त विशेष्य लिखें ।

(i) जलता (ii) उदास

प्रश्न - 3 निम्नलिखित वाक्य में से सर्वनाम शब्द चुनें । (.5x2=1 अंक)

(i) वह बुद्धिमान भी ज्यादा था ।

(ii) प्यास के मारे उनका बुरा हाल था ।

प्रश्न -4 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द (1x1=1 अंक)

(i) विश्वास

प्रश्न-5 मुहावरे का अर्थ लिखें । (1x2=2 अंक)

(i) **रंग उड़ जाना**

(ii) **रंग में रंगना**

GISSS PT1 2023

भाग -ग (पाठ्य -पुस्तक) (अंक-3x2=6)

प्रश्न-6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर ध्यान पूर्वक दें ।

(i) घर के मुख्य द्वार पर काली हाँड़ी क्यों लटका दी जाती है ?

(ii) रात के समय राजकुमार ने सपने में क्या देखा ?

(iii) हरी-भरी धरती रेगिस्तान कब बन जाती है?

भाग -घ लेखन (अंक-3x2=6)

प्रश्न-7 'मेरी प्रिय पुस्तक ' या 'विद्यालय का पहला दिन' विषय पर 30 से 40 शब्दों में अनुच्छेद लिखें ।

प्रश्न-8 अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए, जिसमें उसे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी हो।

या

खेल के पीरियड का समय बढ़ाने का अनुरोध करते हुए अपने प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए।

GISSS PT1 2023